मैं ही अंत तुम्हारी और मैं ही शुरुआत हूँ,
पूछना था कि जीवन में तेरे, अब दिन-रात नही होता क्या?
मेरी रात यहाँ तो रो रही, तू सूखी आँखों सोता क्या?

होने को तो हो जाएगा, तेरा रोम-रोम किसी और का,
बनके निकलोगे तुम सूरज किसी और के भोर का,
पर शामों में चाँद तले मेरा ही मुखड़ा पाओगे,
मेरी जान, तूने मुझे भुला दिया, यह भूल कभी ना पाओगे।

सुभम कुमार तिवारी
बी. एससी. (विशेष) कंप्यूटर साइंस
द्वितीय वर्ष



# Something New Now

On separate paths, we now must roam,
No longer lovers, but something more,
A stronger bond, forever to hold,
Like a tree's roots, firm and bold.

Not friends, or best friends, it's true,
We're something special, me and you,
Memories woven, a tapestry grand,
In each other's hearts, we'll forever stand.

In separate journeys, we now embark,
Yet you'll remain close, even in the dark,
A special place, you'll always hold,
In this story of ours, a lot is still untold.

Nausheen
B. Sc. Life Science
I Year



# Whispers



Each night, I gaze at the constellations
Searching for you, in their ethereal light
I remember how, at just nine of my life
Your eyes brimmed with tears when
I was wounded.
How your embrace shielded me from life's harshness.

Now, existence feels hollow without you.
I yearn for you in every moment of joy and sorrow
Thinking, perhaps you are gazing at me still.

Anushka Sharma
B. Sc. (H) Biomedical Science
I Year

# Echoes of Us

I recollect the days we'd sit and fantasize,
Talking about the drone's and the sky's soft luminescence
Mapping the future on paper with carefree palms,
Building castles out of clumsy paths.

We vowed then, through thick and thin,
That no matter what, we'd always win
We'd stand side by side, come what may,
But life, it seems, had another say.

Now, void fills the space between,
Where laughter once painted every scene
The echoes of us, so vivid, so dear,
Now, feel like whispers I strain to hear.




I wonder, do you think of me too?
Of all the things we swore we'd do
Of those nights under the star's soft light,
When we thought forever was in our sight.

But time has a way of pulling apart,
The closest bonds, the strongest hearts
Yet still, I hold our memories tight,
In the quiet moments of the night.

Though we drifted, like leaves in the wind
I'll never forget where we've been
And even if we're worlds apart,
You'll always have a place in my heart.

Anushka Sharma
B. Sc. (H) Biomedical Science
I Year



# पीर–ए–बिरहन

ए सखी पुरवाई से, संदेश पिया का आयो रे,
शाही सोखी, उल्फत-नफरत पैगाम प्रेम का लायो रे,
मन आँगन में शामें सारी,
उनके बिन बंजर-सी गुज़ारी।

आने की खबर सुने जब से हम,
कुमकुम माँग में चमके चमचम,
चमके सारा श्रृंगार जी,
पाँव की पायल नाचन लागी,
चूड़ियाँ गुलज़ार जी।

मेहंदी ना सूखी थी जब पिया तुम गए थे,
सजनी को छोड़ विदेश जी,
गजरे खातिर रोवत रहे थे,
सजनी के केश जी।

छेड़ अंबर दे ताने, संझिया बिहाने
किधर को पियाजी हो बैठे रवाने?
कमाने गये थे या दिल बहकाने,
कही हो गए क्या किसी के दीवाने?
सह-सह के बिरहन बन सेहती थी बतिया,
चंदा हँसे मुझपे, हँसे पूनम की रतिया,
बोले मैं आज तो पूरा, तुम आधी अभी भी,
बिरहा में जलती हो जितना, ना जलता रवि भी।

लूँगी खबरिया, किधर थे साँवरिया?
भटक रहे थे किसकी बजरिया?
दूर नगरिया में दिल तो ना छोड़ आये,
बंधन जन्म के क्या तोड़ आये?
सच-सच कहो ना, ना बाची सबर है,
अग्नि परीक्षा की बारी अबर है,
सजनी भी रजनी में अखियाँ बिछाये
जोह रही बाट, तुम ही ना आये।

लाल स्याही से आँख मोरी रंगाये गयो जी,
पगली नाम मोरा धराये गयो जी,
आ भी जा सजना, रात बड़ी खार भयी,
नोचन को देहिया पड़े है कुछ पीछे,
लाज बिल्कुल बची ना है आँखन के नीचे,
इनको ही कल थी रोटी खिलाई,
इन ने भी भौजी थी कहके बुलायी,
कवने भँवर में गुम हो साँवरिया?
हरने को चीर मेरा दर पे ये खड़े हैं,
मेरे हाथों से हथियार इनके बड़े हैं,
कान्हा का अवतार ना कलियुग में होगा,
बचेगा ना जोगन का केसरिया जोगा,
द्रौपदी ना कही भी, दुर्योधन सभी हैं,
गिरधारी का नाम मात्र गुंजन।
तुम ही बनके कृष्ण आ जाओ पिया जी,
लौट जाना बचा के भले ही जिया जी,
ना मेरी माई बची है, ना कोई कहने को अपना,
एक तुम ही सगे हो, जो बन बैठे हो सपना।
खौफ भरी अखियाँ,
छत से झाँक रही सखियाँ,
ना कोई परिंदा बचाने को आया,
छन भर में रिश्ता अपना से पराया।
हर नारी जो ना कर सकती
जौहर को मान के भक्ति,
सौंप दिया खुद को अग्नि के तेजस में
घुल गई वो अपने अंत के रस में,
आरंभ एक ऐसा बन के गई,
पापी के पंजे में पड़ने से
पावक में मरना ही सही।
जो दुनिया किसी की कभी ना थी हुई
वो दुनिया तेरी भी कभी ना हुई,
फिर ना कभी उस आँगन से बिरहन की हुँकार हुई
न परदेस से पिया लौटा, जाने कहाँ अखियाँ चार हुई,
पर पायल की झंकार उस आँगन से अक्सर आती है,
जिस अग्नि की गोद में बैठी थी, आज तक जलती
वो बाती है।



सुभम कुमार तिवारी
बी. एससी. (विशेष) कम्प्यूटर साइंस
द्वितीय वर्ष



# दर्पण

शाश्वत शुक्ला 'जुगनू'
बी. एससी. (विशेष) इलेक्ट्रॉनिक्स
द्वितीय वर्ष

कैसे हैं आप लोग, उम्मीद करता हूँ अच्छे ही होंगे। बहुत दिनों बाद आप लोगों से मिल रहा हूँ, कही भूल तो नही गए हैं मुझे? अगर भूल गए हैं तो मैं याद दिला देता हूँ, अरे मैं इस इंस्टाग्राम अकाउंट धारक का साथी उनकी कलम (वास्तविकता में कीबोर्ड) हूँ।

असल में पिछले दिनों में व्यस्तता के कारण मेरे मालिक ने मुझे लंबे अवकाश पर भेज दिया था, लेकिन अब वापस बुला लिया है। आखिर कब तक मुझसे दूर रहते, अब उनकी सारी मन की बातों को मैं ही तो सुनता हूँ और सेव करके रखता हूँ।

बहरहाल अब ये सब बातें हो गई हों तो आज जिस काम के लिए आया हूँ वो कर लेता हूँ।

ऊपर इस छवि में आपको क्या दिख रहा है?

निश्चित ही आपका उत्तर होगा "

छवि में तुम्हारे

मालिक और एक दर्पण दिख रहे हैं";

सही उत्तर है आपका।

ये छवि तो पुरानी है मगर मेरे मालिक को दर्पण पर अपनी एक टिप्पणी व्यक्त करनी थी जिसके लिए उन्होंने इस छवि को चुना।

मेरे मालिक ने मुझसे 'दर्पण' के ऊपर कुछ विचार साझा किये, और उन विचारों को आपके बीच प्रस्तुत करने का काम मुझे सौंपा है। तो चलिए अब मैं उनके विचारों पर थोड़ी रोशनी डाल कर आपके समक्ष प्रस्तुत करता हूँ।

दर्पण! अगर मैं आप से पूछूँ कि दर्पण क्या है, तो निश्चय ही आप यही बोलेंगे की ये एक निर्जीव वस्तु है, लेकिन अगर आप ऐसा सोचते हैं तो अपनी इस सोच की एक गठरी बनाइये और कचरे के डब्बे में डाल आइये क्योंकि ये कोई निर्जीव वस्तु नही है।

हाँ देखने में तो निर्जीव ही लगेगी परन्तु है नहीं। अगर मैं आपसे कहूँ की आप दर्पण का प्रयोग किसलिए करते है? तो आपका उत्तर वही होगा जो मैं सोच रहा, सही भी है, लेकिन उस उत्तर को एक बार और पढ़िए और समझिये और कुरेद के उसके भीतर के असल अर्थ को समझिये।

दर्पण निर्जीव नही बल्कि वो एक जीवंत वस्तु है जो आपको भविष्य के लिए आत्मविश्वास देती है और आपके भूत के अनुभवों से आपको सीख लेने के लिए अग्रसर करती है।

अब आप कहेंगें की तुम्हारे मालिक कहना क्या चाहते हैं? धैर्य रखें, सब समझाता हूँ।

मान लीजिए आप जब बाहर जाते हैं तो कई बार खुदको दर्पण में निहारते हैं, देखते हैं कही चेहरे पे कुछ लगा तो नही है, बाल सही हैं ना, दाँतों में कुछ फँसा तो नहीं है वगैरह वगैरह।

और जब संतुष्ट हो जाते हैं तो आपका आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है, ऐसा लगता है मानो दर्पण खुद आपसे कह रहा हो "जाओ यार, बहुत हो गया, कितनी बार खुदको देखोगे, मस्त एकदम रापचीक तो लग रहे हो"।

क्यों, सही कहा ना मैंने?

लेकिन अगर ऊपर वाली परिस्थिति के बाद इसके विपरीत किसी परिस्थिति की चर्चा दर्पण के परिपेक्ष्य में की जाए तो?

चलिये वो भी देखते हैं।

जीवन में कभी न कभी तो आप से कोई भूल ज़रूर हुई होगी (मेरे मालिक से भी बहुत सी हुई हैं) और आपको उसका पछतावा भी होता होगा।

और जब उस पश्चाताप की इच्छा से आप खुदको दर्पण में देखते हैं तो कैसा लगता है?

बेशक शर्मिंदगी महसूस होती होगी, उस काले भूत को मिटाने की सनक उत्पन्न होती होगी, मानो वो दर्पण आपसे कह रहा हो कि "क्यों शर्मिंदा हो! तुमने काम ही ऐसा किया है, अब पश्चाताप करो"।

दर्पण आपको आपके उन सभी कृत्यों से रूबरू कराता है जो आपने अपने भूत में किये होंगे। मानव जीवन में एक ऐसा इंसान ज़रूरी होता है जो आपको आपकी अच्छाइयों के साथ-साथ आपको आपकी कमियों से भी रूबरू कराये लेकिन सबके जीवन मे ऐसा इंसान मिलना मुश्किल होता है। शायद इसीलिए ईश्वर ने दर्पण की रचना की होगी। क्योंकि ये दर्पण ही है जो सभी के पास होता है और सबके साथ होता है, हर परिस्थिति में।

दर्पण आपको वो हर बातें, आलोचनायें, चुगलखोरी आदि दिखाएगा जो दुनिया वाले आपके लिएकर रहे हैं। और दर्पण ये सब आपको नीचा दिखाने के लिए नही बल्कि आपको धरातल से ऊँचा उठाने के लिए करता है ताकि आप आलोचना को शक्ति में परिवर्तित कर सकें।

अभी हाल में ही मेरे मालिक ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित स्वामी श्रीकांतानंद द्वारा लिखी गई एक पुस्तक 'यूथ अराइज़ अवेक ऐंड नो योर स्ट्रैंथ' पढ़ी।

जिसमें उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी द्वारा कही गयी एक कमाल की बात पढ़ी हालांकि वो किताब अंग्रेज़ी भाषा में लिखी गयी है लेकिन मैं यहाँ उसका हिंदी अनुवाद प्रस्तुत कर देता हूँ

(अब यही तो मेरा काम है)

"मनुष्य त्रुटि से सत्य की ओर नहीं, बल्कि निम्न सत्य से उच्च सत्य की ओर यात्रा करता है। मानव जन्म की सुंदरता यह है कि हमने जो किया है उसे हम पूर्ववत कर सकते हैं"।

अब शायद इस कथन का आशय स्पष्ट करने की आवश्यकता तो नहीं होगी क्योंकि इतने समझदार तो आप लोग हैं ही। अब जैसा कि आपने पढ़ा, इस कथन में साफ-साफ कहा गया है कि मानव जीवन में आप अपनी गलतियों को सुधार सकते हैं,

इसके लिए बस आपके अंदरपश्चाताप की भावना होनी चाहिए। और इस पश्चाताप की लौ को आपके अन्दर जागृत करने काकार्य करता है ये दर्पण।

अब दर्पण की इतनी चर्चा करने के बाद मानो ऐसा लग रहा है जैसे दर्पण कवि हरिवंश राय बच्चन की उन चार पंक्तियों को पढ़ रहा है जो कुछ इस प्रकार हैं-

आओ अपनी लघुता जानें अपनी निर्बलता पहचानें, जैसा जग रहता आया है, उसी तरह से रहना होगा साथी सब कुछ सहना होगा।

**आओ अपनी लघुता जानें**
**अपनी निर्बलता पहचानें,**
**जैसा जग रहता आया है,**
**उसी तरह से रहना होगा**
**साथी सब कुछ सहना होगा।**

अब शायद कही न कही चीज़ें आपको समझ आने लगी होंगी। हालांकि मेरे मालिक की बातों और उनको समझना कोई आसान काम नहीं, फिर भी अगर आप समझ गए हों तो समझ जाइये आप ज्ञानी हैं और अगर नही समझे तो दुबारा पढ़कर समझने का प्रयास करिए। और हाँ, एक बात और, ये सब लिखकर मेरे मालिक लेखक बनने का प्रयास नहीं कर रहे हैं, ये तो बस उनका एक शौक है। अब उनकी सारी बातें मैं ही जानता हूँ इसीलिए उनकी इस टिप्पणी को आपके समक्ष भी मैं ही प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**मैं मेरे मालिक की कलम**

# हँसते-हँसते

पाना मुश्किल था खोने से
तो खो दिया हँसते-हँसते,
ज़ालिम आँखें ले रोक ना तुझको
तो रो दिया हँसते-हँसते l

कौन सा रोका होता तो
रुक जाती तू यादों-सी,
रुकना तेरी फ़ितरत ना,
तू आज़ाद बरसातों-सी।
एक सफर है कर ले चाहे,
अलग तू जितने भी रस्ते,
पाना मुश्किल था खोने से,
तो खो दिया हँसते-हँसतेl

भले पीछे चलते-चलते दो बार लड़खड़ाया था,
तुझे याद नहीं शायद, पर मैंने हाथ बढ़ाया था,
मेरे तपन के सूर्य से पूरे विश्व में सवेरा था,
हाय! तू देखती भी कैसे, तेरी आँखों में तो अंधेरा था।
होंठ पे आके लौट गई जो,
हम ने दम तोड़ा तरसते,
पाना मुश्किल था खोने से,
तो खो दिया हँसते-हँसतेl

आज नशे को मात दे दिया
तेरी यादों के मदिरालय ने,
साकी रो रही साथ में,
मेरे कल्पित खयालों में।
पर आने दिया ना आज भी मैंने,
उस साकी को पास मेरे,
जो जगह थी तेरी, सदा रहेगी,
तू रहे, ना रहे पास मेरे।
छिल गई सारी अंगुलियाँ,
मोह डोर कसते-कसते,
पाना मुश्किल था खोने से,
तो खो दिया हँसते-हँसतेl

दो दिन हुए थे मिलके ही,
बोलो मैं कितना बोलता,
पर हर वाणी में असर था तेरा,
जब भी मैं मुँह खोलता।
खींच के ख़्वाबों से काँधे पे लाके तुझे बिठाया था,
,

मन में तो कब के एक हुए थे, बस मुख से ना बताया था
यही मलाल ले लाँघ रहा हूँ, संताप की सारी सीमायें,
बसंत में हलंत बन ,विष रुत-सा तुम क्यों आए?
विष तुझमें इतना है तो
जाती जा डसते-डसते,
पाना मुश्किल था खोने से
तो खो दिया हँसते-हँसतेl

बन कहाँ पाया तेरे बालों का गुलाब?
बन भी ना पाया तेरे दिल का ख़्वाब,
ना साथ किस्सा हुआ, ना तेरा हिस्सा हुआ
मैं हुआ भी तो रक़ीब का शीशा हुआ!

तू होती हवाएँ तो उड़ तुझमें जाता,
रास्ता तू होती तो मुड़ तुझमें जाता,
बह तुझमें जाता जो होती समय तू,
सबसे पहले मैं मरता अगर बनती प्रलय तू।
कि मरते-मरते प्राण भी मेरा
जाए तुझमें बसते-बसते,
पाना मुश्किल था खोने से
तो खो दिया हँसते-हँसते।

निकलोगे कही तुम सँवरकर कभी,
ले हाथ गैर का हाथों में,
मरघट पर मेरी राख हँसेगी
मेरे ऐसे हालातों में।
मन उलझन में मात के मितवा
मौत माधुरी पाएगा,
मरने को पर बचेगा क्या?
पहले ही मर जाएगा।

वो हाथों को ले हाथों में, करना पार था दरिया जी,
उन हाथों को हार बना, घूमे संग गैर बावरिया जी,
आज नही तो कल को शायद बारी मेरी आ जाए,
दुआ जो कैद बादलों में घर ख़ुदा का पा जाए।
या खोज ख़ुदा ले मुझको आके
या काल ही मुझको खा जाए,
कब्र पे मेरे आए वो,
उसके नाम मेरे गुलदस्ते,
पाना मुश्किल था खोने से
तो खो दिया हँसते-हँसते।



**सुभम कुमार तिवारी**
**बी. एससी. (विशेष) कंप्यूटर साइंस**
**द्वितीय वर्ष**

# बेरंगा इंद्रधनुष

रंग नही ला पाता सवेरा, चारों पहर बेरंगा है,
धुंधली लागे नियति इनकी, या नसीब से पंगा है,
खूब चमकते हैं वह सितारे, आसमान पर छाते हैं,
अनदेखे रह जाते हैं कुछ, रो कर भी ना कह पाते हैं।

तरंगे जहाँ से निकल रही है, सुखी को भी रुलाने की,
आँसू में खुद के डूब न जाना, समय है कथा दिखाने की,
यह बात नही है बरसों की, होगी बस कल या परसों की,
ठाकुर का आलीशान बागान है, फसल लगी है सरसों की।
कुछ देर चल कर वहाँ से, पीड़ा में कोई रोयेगा,
आगाज़ होगा निठुरता का अब, इंसानियत सोएगा।

सूखे पड़े हैं बर्तन ऐसे, मिला न हो सदियों से दाना,
चूल्हा ऐसे खंडित है, फूँका ना हो वर्षो से खाना,
लेटा हुआ है वहाँ पर कोई, महिला ज्ञात पड़ती है,
कराह रही है, गिरी पड़ी, जीतेजी वह सड़ती हैI
थाम के दरिया आँखों का, बगल में कोई रोता है,
नन्हा-मुन्हा बच्चा ये, उस स्त्री का संतान इकलौता है,
गोल-मटोल पर आँखें नम, कमज़ोर सा पूरा तन है।

बोल नही पाता है कुछ भी पर, समझ सब कुछ जाता है,
बिन बोले कैसे यह बच्चा देखो, अपनी गृह स्थिति बताता है,
आया कोरोना कुछ दिन पहले, पिताजी बेरोजगार हुए,
मुंबई से गाँव आते-आते, कितनों के कर्ज़दार हुए
लाला भी राशन ना देता बिन कमाए नोट,
मदद मूर्ति से माँगते-माँगते सूख गए माँ के होठ।

दो वक्त की रोटी चल जाती थी, घर-घर बर्तन घिसने से,
रुका सिलसिला यह भी जब, चोट लगी माँ को चक्की पीसने से,
तीन दिनों से खाया ना हमने कुछ भी खाना था,
व्याकुल हो उठे पापा, पिता का धर्म निभाना था,
तुरंत बाँध कर सामान अपना, बाबूजी तैयार हुए,
शहर जा रही मालगाड़ी पर, वह सवार हुए।

आशा थी कि ढेर सारे पैसे पापा लेकर आयेंगे,
पहले की तरह खुशी-खुशी हम हलवा पूरी खायेंगे,
सेठ बनकर सिंघाड़े इमरती मैं उड़ाऊँगा,
फिर से पहले की तरह, तीनों वक्त का खाना खाऊँगा।

यही सोचकर मन में ही, बैठे महसूस कर रहा था,
क्या पता था, एक खबर हवा के रस्ते आ रहा था,
आग लगी कारखाने में, पापा जहाँ कमाते थे,
फिर खुला ना रास्ता वो कभी, पापा जहाँ से आते थे,
बैठे-बैठे बिन धमाके, नष्ट हुआ संसार हमारा,
पहाड़ ना टूटा दुखों का, गिर गया आसमान सारा।

जीवन पर आफत आई है, सोने से भी महंगी ब्याज साहूकार ने लगाई है,
स्वाद के लिए अब खाना ना था, खाना जीने की दवाई है,
चोटिल माँ कमा ना पाती थी, उम्र मेरी भी छोटी,
देखने को तरस जाते थे, बस एक वक्त की रोटी।

लगी थी चोट पेड़ से गिरकर, माँ को नही बताया था,
पता नही जग लेखक के पास, अभी कितना उधार बकाया था,
बिन खाए हफ्तों तक सिर्फ, पानी पर चलता रहा गुजारा,
क्या पता क्या शक्ति थी मुझ में, गर्म हुआ माँ का शरीर सारा,
लगा बुखार पैसे लगते हजार, एक रुपए नही थे खाने को,
सोच भी नही सकते थे, डॉक्टर से दिखलाने को।

हुआ कोरोना लगता सब को, रहते थे सब हमसे दूर,
अकेले में सड़ने को, हो गए हम दोनों मजबूर|
इतना बस कहते-कहते बच्चा, डूबा अश्रु दरिया में,
एक चीख बस देकर आखिरी, माँ गई देव नगरिया में।

क्या होगा उस बच्चे का अब, इस भौतिक समाज में?
गरीब का जहाँ पर खून है पानी, अमीरों के इस राज में,
अगली बार बस, एक गरीब को करने से पहले रवाना,
सोच लेना तेरे कुछ सिक्के, दे सकता है उसे एक वक़्त का खाना।


**सुभम कुमार तिवारी**
**बी. एससी. (विशेष) कंप्यूटर साइंस**
**द्वितीय वर्ष**




# A Marvel Out of Your Misery

There's a void brewing in my heart
I can sense, I can see
But I cannot feel, I don't know what to feel.
Uncertainty and anonymity, my old friends have a strong hold
on me
Has my life always been this uneasy?

There's a lump in my throat
I can breathe and I can surely eat
But this air is foreign and the food is making me queasy.

They nudge me to speak
I try but I cannot talk, a bit inconvenient this seems.
I understand them but there appears to be a misunderstand-
ing about me
I resign, wondering if the world around me is holding back a silent
scream
I try to shout at them but it comes out as a heave
I quickly realize my voice has left me; all the sound of this world
tucked
somewhere far out of my reach.

This can't be me
My body is an empty box
This life is alien to me.



# A Marvel Out of Your Misery

I pick up my pen and fumble
Confusion envelops me
I cannot write; words look like numbers
Poems I used to create, now I can't read
Letters with no string, my brain and I are no longer linked.

How much longer could I now live?
Foggy thoughts cloud my vision as I try to make decisions
All sense, all meaning has vanished in thin air
Life and death are a dramatic pair.

Now what purpose could a broken human like me serve?
Perhaps something still – I thought as they thrust a brush into my hand
My last reprieve!

I guide my hands or perhaps they guide me
And I scribble and scratch, stroke and swipe, splatter and stipple
I circle – I can make circles, I beam
Triangles bring me fleeting joy and then I'm stuck again with shapes I can no longer name and stars I cannot complete.

My mind is drowning or torturing me with a will of its own
I torture it back, finishing the scenery before me
Shapes... something green...sky...books...music notes... sand...withering heart...wilting mind...hands...war...waffles...windows...and ice cream.

# A Marvel Out of Your Misery

Making sense all at once and then nothing at all
A magical painting, they call it.
An exceptional work of art or a surprisingly working mind?
Black and white life; coloured thoughts – a breathing painting
Cheering, awing, gaping, gasping, crying
They say it's a masterpiece!

I wouldn't know but I still try to fathom the unfathomable life in the painting
The life they now see
The life I lived as a waste of a human being
Who cannot feel but see
Who can hear but not scream
Me – a voice without a voice
Words fail me but my art speaks
That is the beauty of the mind, they say; revealed by the testimony of a brush and a beautiful canvas sheet
I, who cannot talk or write but my message has touched the hearts of those around me.


Message to be blind and still see
To be deaf and still hear
To be mute and still speak
To not feel and still stay in touch
To not smell and still breathe
To lose all and still not give up
To live and be free or to be free and live
To create a marvel out of your misery!

Priya Pandey
B. Sc. (H) Botany
I Year

# Potential of AI in College Education

## Revolutionizing Learning for the Future

Artificial Intelligence (AI) is disrupting industries around the world and the education industry is no exception. Colleges and educational institutes are facing the challenge of adapting to a fast-changing world. AI stands at the very peak of innovation, offering ideas and solutions that help in enhanced and personalised learning and support students and educators in the same manner. In this article, we have tried to explore the potential of AI in revolutionizing college education and how it is shaping the future of learning.



### Personalized Learning at Scale

One of the most significant contributions of AI to college education is the ability to provide personalized learning experiences. In traditional classrooms, it is difficult for educators to consider the diverse learning styles and pace of individual students. AI-powered systems are able to analyse a student's learning habits and performance in real-time and in turn offer customized resources and recommendations best suited for the student.

For example, adaptive learning platforms can adjust the difficulty of course content based on a student's progress, ensuring that they are neither overwhelmed nor under-challenged. This helps students to master concepts at their own speed, which is particularly valuable in subjects like Mathematics and Computer and Science, where foundational knowledge is crucial.





## Enhancing Teaching Efficiency

AI is not only transforming the student experience but also enhancing teaching efficiency. Administrative tasks such as grading, attendance tracking and responding to routine queries consume a considerable amount of the educators' time. AI-driven systems can automate these tasks, helping educators to focus on more critical aspects of teaching, such as mentoring and providing personalized feedback.

# Potential of AI in College Education

## Revolutionizing Learning for the Future

For example, AI-powered grading systems can evaluate multiple-choice tests, short answers, and even tests and evaluation conducted in a computer environment, using algorithms to assess the accuracy of the content as well as grammatical quality. These systems can also identify patterns in students' responses to highlight common areas of difficulty, allowing educators to adjust their teaching strategies accordingly.



### Predictive Analytics for Student Success

Another groundbreaking application of AI in college education is predictive analytics. AI systems can analyse student data-such as attendance, engagement in online platforms, assignment submissions, and test scores, to predict academic outcomes.

By identifying students who are at risk of falling behind or dropping out, colleges can offer timely interventions, such as counselling, tutoring, or additional support. This data-driven approach has the potential to significantly improve student retention rates.

### AI-Enhanced Course Development

The rise of AI is also enabling educators to develop more effective courses. AI algorithms can analyse vast amounts of educational data, identifying what works best for student engagement and learning outcomes. This insight allows educators to refine their course content, structure, and delivery methods.


# Potential of AI in College Education

## Revolutionizing Learning for the Future

Moreover, AI can assist in designing virtual and augmented reality environments that simulate real-world scenarios for hands-on learning experiences in fields like medicine, engineering, and business. These immersive learning environments are transforming theoretical knowledge into practical skills, making graduates better prepared for the workforce.

### Challenges and Ethical Considerations

Despite its numerous advantages, the integration of AI in college education comes with challenges. Data privacy is a primary concern as AI systems rely on collecting and analysing large amounts of personal data. It is crucial for institutions to ensure that student data is handled ethically and securely.



Additionally, there is the question of whether AI will replace human educators. While AI can augment teaching, it cannot replicate the empathy, mentorship and creative problem-solving that human educators provide. The ideal approach lies in finding a balance where AI supports, rather than replaces, the essential human elements of education.

# Potential of AI in College Education

## Revolutionizing Learning for the Future

As AI continues to advance, its role in college education will likely expand. In the near future, we can expect AI-powered systems to play a key role in lifelong learning, offering tailored education and reskilling opportunities to individuals at different stages of their careers. AI will also likely enhance global education by bridging language barriers through real-time translation tools and making quality education accessible to remote and underserved populations.

The integration of AI in college education is not just about efficiency, it's about creating more inclusive, personalized and engaging learning environments. By accepting the potential of AI, colleges can prepare students for the challenges and opportunities of the future, equipping them with the skills needed to thrive in an AI-driven world.

**Dr. Chandra Kanta Samal**
**Associate Professor**
**Department of Computer Science**

**Dr Mehtab Alam**
**Guest Faculty**
**Hindi**

# चुप्पी

कुछ ना कहकर भी, बहुत कुछ कह गई,
ये चुप्पी तुम्हारी, सब हाल कह गई।

ना आवाज़ तुमने की, ना एक लफ्ज़ मैंने कहा,
तेरी नजरें कर गयी, इस दिल का हाल बयाँ।

ना तुम कुछ कह सकी, ना मैं कुछ कह पाया,
ना कोई इशारा तुमने किया, ना मैं इशारे से कुछ कह पाया।

ना तार दिया कोई तुमने, ना मुझे कोई खत मिला,
मैं फिर भी वो कहानियाँ सारी, तेरे चेहरे पर पढ़ आया।

ना कोई आहट हुई, ना कोई शोर हुआ,
ना जाने फिर कैसे, आज ये दिल चूर-चूर हुआ।

ना शब्द बचे तुम पर, ना शब्द बचे हम पर,
फिर भी इन नज़रों से, ना जाने आज ये गुफ्तगू
किस कदर हुई।

ना तेरी इन पलकों पर तूने कोई मोती आने दिए,
ना हमनें उन मोतियों के लिए, कोई तार बना कर दिए।

ना मैं शायर कोई, ना तुम शायरा कोई,
फिर इस दिल में ना जानें, आज ये गज़लें कैसे जग आयी!

ना अलविदा तुझसे कहा गया, ना अलविदा हम कह पाए,
फिर भी न जानें कैसे, आज उस राह पर एक दूजे का हाथ
कैसे छोड़ आए!

ना तुमने एक बार भी पलट के देखा हमें,
ना हम तेरे दीदार के लिए एक बार पलट पाए,
आखिर क्यों, अपने सारे किस्से कहानी उस दिन,
हम दोनों उस राह पर ही छोड़ आए।

आयूष सैन
बी. एससी. (विशेष) वनस्पति विज्ञान
प्रथम वर्ष





# मेरी माँ

कि सीने में दफ़न मेरे ये घाव
आज स्याही से बयाँ कर पाउँगी क्या?
मेरी माँ, मैं तेरे जाने के गम को भुला पाऊँगी क्या?

पीड़ा से फटता है अब मन मेरा,
मेरे ज़ख्मों पर अब मरहम लगाने वाला कोई नहीं।
क्या मैं मेरे मन के घाव अब वापस बुन पाऊँगी क्या?
मेरी माँ, मैं तेरे जाने के गम को भूल पाऊँगी क्या?

दिल के टुकड़े हैं अब बिखरे,
चुनने वाला अब कोई नही।
क्या वापस खुद को मैं समेट पाऊँगी क्या?
मेरी माँ, मैं तेरे जाने के गम को भुला पाऊँगी क्या?

जब शब्द में दर्द घुल कर भी यूँ कंठ के अंदर सिमटा हो,
जब कहने को यूँ लब मेरे बेबस हों,
और सुनने वाला अब कोई न हो।
क्या मैं मेरे मौन में सिमटी चीखें सह पाऊँगी क्या?
मेरी माँ, मैं तेरे जाने के गम को भुला पाऊँगी क्या?

आदर पाना है नदियों सा तो पहाड़ मुझे अब छोड़ने होंगे,
राहों के इन कंकड़ को पायल समझ पहन पाऊँगी क्या?
मेरी माँ, मैं तेरे जाने के गम को भुला पाऊँगी क्या?

सिमरन शर्मा
बी. एससी. (विशेष) वनस्पति विज्ञान
प्रथम वर्ष

# विकसित भारत के लक्ष्य, चुनौतियाँ और संभावनाएँ

एक ऐसे भारत का निर्माण, जहाँ गरीबी, अशिक्षा, असमानता, और बेरोजगारी की जगह समृद्धि, शांति और विकास हो, यह हर भारतीय का सपना है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने का आह्वान किया गया, जिसका लक्ष्य भारतीय स्वतंत्रता की शताब्दी दिवस तक भारत को विकसित बनाना है। विकसित भारत का तात्पर्य केवल आर्थिक समृद्धि से नही है, बल्कि हर क्षेत्र में संतुलित प्रगति से है, तात्पर्य है आर्थिक सशक्तिकरण से, शिक्षा और कौशल विकास से, सामाजिक न्याय और समानता से, कुरीतियाँ मुक्त समाज से, सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवा से, प्रदूषण मुक्त पर्यावरण से, स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ विकास से और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूत व प्रभावशाली नेतृत्व से।

स्वच्छता, सम्पन्नता और समानता से परिचित भारत,
कर्मठता, कुशलता और परिपक्वता से सिंचित भारत,
मानवता, उदारता और प्रसन्नता से निहित भारत।
दुराचार, भ्रष्टाचार और रूढ़िवादिता से रहित भारत,
ज्ञान, विज्ञान और तकनीकों से प्रफुल्लित भारत,
प्रेम, आदर और आशीर्वाद से फलित भारत।
है लक्ष्य हमारा विकसित भारत।

भारत ने अपने स्वतंत्रता के 77 वर्षों में निःसंदेह तरक्की की है, तमाम विपरीत परिस्थितियों को भेदते हुए आज विश्व की पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, लेकिन विकसित होने का सपना अभी अधूरा है, क्योंकि आज भी आर्थिक असमानता एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा मुट्ठीभर लोगों के पास केंद्रित है, जबकि बड़ी आबादी आज भी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है। गाँवों और शहरों के बीच भी विकास का भारी अंतर है। शिक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने परचम लहराया है लेकिन वर्तमान में भारत की शिक्षा प्रणाली में कई खामियाँ हैं, जैसे प्रैक्टिकल ज्ञान की कमी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अभाव। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार-योग्य कौशल प्रदान करना बेहद ज़रूरी है। ज़रूरी है कि शिक्षण संस्थानों को सुचारू रूप से चलाया जाए, योग्य व कर्मठ शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, शिक्षण संस्थानों को समय से वित्तीय सहयोग प्रदान की जाए। शिक्षा प्रणाली में सुधार करना एक बड़ी चुनौती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने कुछ नए बदलाव लाने का प्रयास किया है, लेकिन इसका प्रभाव पूरी तरह दिखने में समय लगेगा।

स्वास्थ्य जगत में भी भारत दुनिया के अग्रिम देशों में है, भारत की स्वास्थ्य संस्थायें अपना दबदबा कायम कर रही हैं, पर कोविड-19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली में मौजूद खामियों को उजागर कर दिया। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या के साथ रोजगार के अवसर पैदा करना एक कठिन कार्य है। हालाँकि स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा मिला है, लेकिन संगठित क्षेत्र में रोजगार की कमी अब भी चिंता का विषय है। देश की युवा जनसंख्या को सही दिशा में उपयोग करना 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' का लाभ उठाने के लिए जरूरी है।

भारत बुनियादी ढाँचों के विकास में काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन हाल ही में देखे गए ढाँचों का गिरना और कम टिकाऊ होना चिंताजनक है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए सुदृढ़ बुनियादी ढाँचा जरूरी है। इसमें सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली और इंटरनेट कनेक्टिविटी शामिल हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे की कमी विकास की गति को धीमी कर सकती है।

सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और स्मार्ट सिटी मिशन जैसे कदम उठाए हैं, लेकिन अब भी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। ज़रूरी है कि ढाँचों का निर्माण भ्रष्टाचार मुक्त रूप से हो, टिकाऊ ढाँचे बने और साथ ही सतत् विकास के उद्देश्यों के खिलाफ न हो।

भारत ऋतुओं का राजा है। विभिन्न ऋतुयें भारत के पर्यावरण को अनुकुल बनाती है, परन्तु बढ़ते शहरीकरण ने पर्यावरण को खतरे में डाल दिया है। ऐसे में 2047 तक भारत शायद विकसित तो हो जाएगा लेकिन रहने लायक नहीं रह जाएगा। इसीलिए जरूरी है कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई, और जलवायु परिवर्तन से निपटना आवश्यक है। टिकाऊ विकास के लिए स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों को अपनाना जरूरी है। भारत शुरू से ही भ्रष्टाचार व अनियमितता का शिकार रहा है।

कई विकास कार्य सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार व अनियमितता की वजह से ठप या देर से होते हैं। किसी भी राष्ट्र का विकास उसकी शासन-व्यवस्था पर निर्भर करता है। भारत में अभी भी भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, जो विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा डालता है। पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासनिक तंत्र स्थापित करना बेहद ज़रूरी है | इसके लिए ज़रूरी है नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने की, त्वरित व कठोर कार्यवाही करने वाली कानून व्यवस्था की।

भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी गाँवों में बसती है, ऐसे में ग्रामीण विकास के बिना विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी है। बीते कुछ दशकों में ग्रामीण संकट देखा जा सकता है, ऐसे में ग्रामीण संकटों पर विशेष रूप से अध्ययन कर नीति निर्माण व उसके क्रियान्वयन पर जोड़ दिया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायोगिक व कौशल प्रदान करने वाली शिक्षा, कृषि संबंधी शिक्षा एवं शोध को बढ़ाने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन से आए दिन बिगड़ती कृषि व कृषि संबंधित व्यवसायों की हालत चिंताजनक है, ग्रामीण उद्योगों की भी हालत गंभीर है, ग्रामीण विकास ठप-सा हो गया है, लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, जिससे शहरी जनसुविधायें भी अस्त-व्यस्त हो गई हैं, ऐसे में जरूरत है कि ग्रामीण व्यवसायों को बढ़ावा दिया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में जनसुविधाएँ सुदृढ़ की जाए। ग्रामीण विकास पर ध्यान दिए बिना विकसित भारत का सपना देखना एक कोरी कल्पना है।

भारत में डिजिटल इंडिया अभियान और तकनीकी विकास ने देश के विभिन्न हिस्सों में इंटरनेट और तकनीक की पहुँच को बढ़ाया है।

स्टार्टअप्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसी नई तकनीकों से रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। यदि इस प्रौद्योगिकी का सही उपयोग किया जाए, तो यह भारत को वैश्विक तकनीकी हब बना सकता है। भारत में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएँ शुरू की हैं, जैसे स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया। युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित कर रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। भारत सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को तेजी से अपना रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ यह पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी मदद करेगा। इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA) के नेतृत्व से भारत वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। भारत की कूटनीति और वैश्विक मंचों पर बढ़ती भागीदारी भविष्य में देश को एक महत्वपूर्ण भूमिका में ला सकती है। G20 की अध्यक्षता और संयुक्त राष्ट्र में सक्रिय भूमिका से भारत ने अपनी साख मजबूत की है। एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सहयोग को और बढ़ावा देना जरूरी है। महिलाओं की भागीदारी के बिना विकास अधूरा है। हाल के वर्षों में महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में भागीदारी बढ़ी है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'स्टैंड अप इंडिया' जैसी योजनाएँ इस दिशा में अहम भूमिका निभा रही हैं।

भारत की वर्तमान विकास की गति और नीति को देखते ये तो साफ है कि 2047 तक विकसित होने से कोई नही रोक सकता, लेकिन इस विकास की गति के साथ जिस गति से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, हवा पानी दूषित हो रहे हैं, वो भारत के भविष्य के लिए खौफ़नाक है। यही समय है कि हम अपनी कार्य प्रणाली में बदलाव लायें, हमारे हर विकास का क्रियाकलाप सतत् विकास के पैमाने पर सही होना चाहिए। विकास के इस भाग दौड़ में कही ऐसा न हो कि मानवता भूल जाए, कही ऐसा न हो कि हम प्रकृति को नजरअंदाज कर दें। 2047 का विकसित भारत केवल एक सपना नहीं है, बल्कि यह हमारी सामूहिक आकांक्षाओं और मेहनत का परिणाम होगा। यदि हम सही दिशा में प्रयास करें और हर चुनौती का डटकर सामना करें, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व मंच पर गर्व से खड़ा होगा।

**उज्जवल कुमार**
**बी. एससी.(विशेष) जैवचिकित्सा विज्ञान**
**तृतीय वर्ष**

# मैं उस ख़ूबसूरत किताब का एक पन्ना हूँ

आज वक्त से गुज़ारिश है, ज़रा ठहर जा, उसे पढ़ लेने दो,
बड़ी मुश्किलों से मिली कश्मकश में मुझे, गहराइयों से उसे समझ लेने दो,
मैं उस खूबसूरत किताब का एक पन्ना हूँ, ज़रा उसे पढ़ लेने दो।

मेरे जीवन का प्रारूप है हर शब्द, सुख-दुःख और मेरी मुस्कान छिपी है इसमें,
दो पल ज़रा हँस लेने दो,
मैं उस खूबसूरत किताब का एक पन्ना हूँ, ज़रा उसे पढ़ लेने दो।

एक अनजान-सी डगर थी, और अनजाने थे सारे लोग,
भर कर लाया था सपने हजार, जो संजोये थे मैंने हर बार, उसे आज पूरा कर लेने दो,
मैं उस खूबसूरत किताब का एक पन्ना हूँ, ज़रा उसे पढ़ लेने दो।

मेरी भोली-सी सूरत, नटखट-सी सीरत,
ढेर सारी खुशियों का गोदाम हूँ मैं, मेरा नाम है मिस्टर पन्ना, आज सब जप लेने दो,
मैं उस खूबसूरत किताब का एक पन्ना हूँ, ज़रा उसे पढ़ लेने दो।

लगता है सब बस कल की ही बात है पर बीत गए कई साल,
पढ़ते–पढ़ते आया नहीं कभी आपसे मिलकर बिछड़ जाने का कोई बुरा ख्याल,
आज सब कुछ बयाँ कर लेने दो,
मैं उस खूबसूरत किताब का एक पन्ना हूँ, ज़रा उसे पढ़ लेने दो।

ऐ वक्त, रुक जा ज़रा, मुझे आज सब कुछ संजो लेने द,
मुझे मेरे दोस्तों से मिलकर, विदा लेने दो, कुछ और हँसी के पल बिता लेने दो।
मैं उस खूबसूरत किताब का एक पन्ना हूँ, ज़रा उसे पढ़ लेने दो।

पर अब पन्ना पलट लेने दो, मुझे आगे बढ़ने दो,
नम आँखों से कहा, मुझे अपनी सारी कहानी कह लेने दो।
मैं उस खूबसूरत किताब का एक पन्ना हूँ, ज़रा उसे पढ़ लेने दो।

**डॉ. अंबिका**
**सहायक प्राध्यापिका**
**भौतिकी विभाग**



# Rape Culture Revisited:

## How Recent Scandals Are Shaping the Fight for Justice

The fight against rape culture in India has come into sharp focus in the wake of a slew of incidents in recent times which have exposed the dark underbelly of the society's attitude towards women. These scandals have brought to the forefront not only the grim realities of living as a woman in India but also the systemic failures that perpetuate this sexual violence. The challenges faced by women are both acute and multidimensional and without urgent and deep-seated change, their future is precariously threatened.

### The Reality of Rape Culture in India



Rape culture is deeply embedded in Indian society and affects millions of women every day. It is a culture that normalizes misogyny, victim-blaming and allows the protection of women to fall short most of the times. Scandals in recent times underline how shockingly women face up to the reality. To mention a few, for instance, the Nirbhaya gang rape in 2012, though it brought some legal reforms, showed how delays and inefficiencies are packed in the justice delivery system. Unfortunately, this did not work out as a solution. The unabated incidents of sexual violence continue to stupefy the nation and understate the magnitude of the problem.



# Rape Culture Revisited:

## How Recent Scandals Are Shaping the Fight for Justice

Women are forced to navigate a world where the threat of personal safety is invariably compromised. In a culture of impunity over sexual violence, rarely are perpetrators prosecuted, while survivors bear the brunt of stigma, lack of support, and an inefficient legal process. These systemic shortcomings contribute to an atmosphere where women are systematically disempowered and their cries for justice are frequently ignored or undermined

### Recent Scandals and their Consequences

Recent scandals have brought into sharp focus the challenges faced by women in India. Whether it is the gang rape of a young woman in a bustling city or the brutal assault on another in a locality considered safe, each incident presents a grim picture of a society that is failing its women. These cases are not isolated but part of a larger pattern of violence so intrinsic to both societal attitudes and institutional failures. As always, these incidents of violence against women have provoked protests and outcry from the public, demanding justice. The response, however, has been lukewarm in most cases. The need for legal reforms have been urgently felt but the efforts in this direction have been slow and grossly inadequate to stem the root cause of the problem. For instance, though the introduction of stringent laws and fast-track courts is a welcome move, yet it has failed to make much difference in the daily life as far as women are concerned.



# Rape Culture Revisited:

## How Recent Scandals Are Shaping the Fight for Justice

Furthermore, societal reactions to these incidents tend to dramatize the cases rather than stress on the long-term solution. Media reporting is often transient; very little reporting is done on legal follow-up and survivor support. All this adds to a feeling of helplessness in women's mind and points to the need for an integrated struggle against rape culture.

### The Future at Risk

If these structural aspects are not resolved, the future will remain precariously insecure for women in India. The perpetuation of rape culture stands to dent the perceived progress in gender parity and human rights. Normalization of violence and trivialization of women's experiences culminate in making women's lives precarious. This calls for urgent change from all avenues of government, judicial, and societal levels if it is not to be a harbinger of worse times ahead. A change that must be brought about in the legal system has to be an assurance of speedy and appropriate justice to survivors. Changes in the societal mindset about women and sexual violence need to make a shift towards a culture of respect and accountability.




# Rape Culture Revisited:

## How Recent Scandals Are haping the Fight for Jus

Awareness programmes should be carried out with the purpose of challenging the sense of misogyny in the younger generation to attain equality between the sexes. It is time that society comes forward, amidst these issues, to embrace a profound change and strive for a future wherein women can live free from the shadow of violence and fear. Without this change in place, the future of women in India will remain at grave risk and justice will be an uphill battle.

Siya Gupta
B. Sc. (H) Zoology
II Year





# वो

सच कहते हैं लोग
वो है वैसी,
चारु-सी चमक
और शीतल बहती सरिता जैसी|

मंद-मंद बहती वायु में
चल चमकती निदाघ की बाहों में,
उस लाल गुलाब पर बैठी,
उस कोमल तितली जैसी|

अधरों पर वो प्यारी मुस्कान
मृगनयनों-सी आँखें समान,
उसकी मधुर आवाज़ इतनी मीठी,
सुरीली कोकिला जैसी|

अनंत उत्तमता है उसमें
कितनों की मैं बात करूँ,
बस यही इच्छा है मन में
कि हर पल उसके साथ रहूँ|

और सच कहता हूँ,
उसके जैसी मैंने कभी ना देखी,
मैं ठहरा बंजर सा चाँद
वो पूरित वसुधा जैसी।

शाश्वत शुक्ला 'जुगनू'
बी.एससी. (विशेष) इलेक्ट्रॉनिक्स
द्वितीय वर्ष

# जल की जादुई कहानी

जल है जीवन का आधार, इसके बिना सब बेकार।
धरती पर ये अमृत धारा, हरियाली का है सहारा।

नदियों का ये मीठा पानी, जीवन को देता है रवानी।
बिन इसके सब सूना-सूना, हर जीव का ये है नगीना।

जल की बूँदें मोती जैसी, धरती की ये शान है ऐसी।
सागर की लहरें गाती गीत, पानी की महिमा है कल्पनातीत।

बादल बनकर उड़ता पानी, फिर बरसकर देता जवानी।
फूलों में रंग, फलों में रस, पानी से ही है सबका विकास।

पानी की हर बूँद अनमोल, संभालो इसे, ये है अनुकूल।
बर्बादी से इसे बचाना, हम सबका है ये पैगाम।

जल है जीवन का आधार, आओ मिलकर करें विचार।
संरक्षण इसका है ज़रूरी, तभी होगी धरती पूरी।

जल की महिमा गाओ सब, संभालो इसे, यही है सब।
धरती पर ये अमृत धारा, हरियाली का है सहारा।

सुधांशु कुमार
बी. एससी. (विशेष) इलेक्ट्रॉनिक्स
प्रथम वर्ष



# शुचिता

सूरज की लालिमा के साथ शुचिता ने आँखें खोली और उठते ही तैयारी में लग गई। इस दिन का उसे बेसब्री से इंतज़ार था, राष्ट्रीय लंबी कूद प्रतियोगिता का दिन। पैरों में पट्टी बाँधे, नंगे पैर वह अपनी ही धुन में स्टेडियम की ओर दौड़ी जा रही थी।

"अरे मैडम ज़रा देख के, अगर चोट लग जाती तो मेरी आफत होती", आवाज़ सुनकर शुचिता अपने विचारों से निकली और पाया कि वह सड़क के बीचोंबीच खड़ी है और यातायात नियमों के विरुद्ध चल रही है। राघव ने अगर गाड़ी समय पर ना रोकी होती तो आज वह जीती ना बचती। शुचिता ने तत्काल सभी से माफी माँगी और बताया कि प्रतियोगिता में जाने की जल्दी के कारण उसे रास्ते का ध्यान नहीं रहा। दिमाग में विचारों का तूफान और बढ़ी हुई धड़कन के साथ उसने छलांग लगाई, पहला प्रयास– 3.0 मीटर, दूसरा प्रयास– 2.8 मीटर। अंकतालिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3.5 मीटर था। सभी खिलाड़ी अपने शुभचिंतकों के आशीर्वाद से आह्लादित हो रहे हैं और शुचिता का हृदय एक आग में जल रहा है। अन्य परिवारों को देख वह अलग ही विचारों में डूबी है जो उसकी हृदयाग्नि के लिए घी समान काम कर रहे हैं।

"बेटा, तू पूरे दिन मैदान में रहती है, क्या तू अपने बाप को नहीं जानती?"

"माँ तुम चिंता ना करो, एक दिन में बहुत बड़ी खिलाड़ी बन जाऊँगी फिर सब सही हो जाएगा।"

दोनों की आँखों में उम्मीद, विश्वास, डर और ना जाने कितने ही भावों का मिश्रण था।

"कौन क्या बनेगा, लगता है पिछला सबक भूल गई हो तुम दोनों।" इतना कहते ही नशे में धुत वह आदमी अपनी पत्नी को बेरहमी से मारने लगा, लगता था की उसे मार के ही दम लेगा। संभवतः शुचिता भी उस दिन उसकी मार से ना बचती यदि माँ ने गाँव से भागने में उसकी मदद ना की होती।

शहर में आए उसे छः महीने हो गए थे और दूसरे ही दिन उसकी मुलाकात एक हमउम्र लड़की से हुई। दोनों के अनकहे शब्द शायद एक ही कहानी कह रहे थे। आपसी सहानुभूति और लगाव उनकी दोस्ती का आधार बने। दोनों एक ही झुग्गी में रहती थीं, मिलकर काम करती और अपने-अपने लक्ष्यप्राप्ति की ओर प्रयास करती।

अंतिम प्रयास - 3.8 मीटर। पोडियम के शीर्ष स्थान पर खड़ी शुचिता की समाधि भंग करती है तालियों की गड़गड़ाहट, जिसमे शामिल है कुछ जाने पहचाने हाथ। उसकी सहेली जो अपनी नौकरी से कुछ समय चुराकर उसकी खुशी में शामिल होने आई है, उसके पीछे खड़ा राघव जिसकी आँखों में एक अलग ही चमक है और उसके साथ खड़ी उसकी माँ जिसके पास इस वक्त आँखों में आँसुओं के सिवाय कुछ नहीं है। शुचिता की माँ जो चार महीने पहले राघव के यहाँ नौकरानी बनी है, आज राष्ट्रीय स्तर विजेता की माँ है।
जीत के इस क्षण में शुचिता हैरान है, इतने बड़े परिवार में जो उसके लिए खुश हैं, उनमें से जिनसे वह परिचित है, उनमें वह सबसे ज्यादा किसकी शुक्रगुज़ार है। वह पिता जिसने कभी उसे बेटी का सम्मान नहीं दिया, वह माँ जिसने स्वयं कष्ट सहकर उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, वह दोस्त जिसने उसे तब सहारा दिया जब उसके पास कुछ नहीं था या फिर वह अजनबी जिससे वह आज सुबह ही मिली थी और उसने बिना कुछ पूछे बताए सभी कुछ पढ़ लिया था।

अंशिका शर्मा
बी. एससी. (विशेष) जन्तु विज्ञान
2021-2024
(जीसस एंड मेरी कॉलेज द्वारा हिंदी दिवस 2023 पर आयोजित अंतरमहाविद्यालय लघु कथा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त।)



# कलम खामोश है



कोई अपराध सुनकर फिर पुलिस बहरी हुई होगी,
कलम खामोश है तो बात कुछ गहरी हुई होगी।

मुझे लगता है मंदिर-मस्जिदों में जंग हुई होगी,
किसी बिटिया की दामन दाग से बदरंग हुई होगी।
या संभव है सियासत ने कोई एहसान किया होगा,
गिराने को किसी की झोपड़ी का फरमान दिया होगा।

हो सकता है विधायक निवास में अय्याशी हुई होगी,
या अदालत में किसी निर्दोष को फाँसी हुई होगी।
जो दिखता है इन आँखों से वो सब सच नही होता,
कलम! शब्दों की चुप्पी भी मगर अच्छा नही होता।

वो रूठा है क्या जिसको तुम दिल-ए-इकरार कहते हो,
बताओ बात क्या है, हमको तो तुम यार कहते हो।
कहीं ऐसा ना हो कि शब्द को स्याही निगल जाये,
लिखो कागज़ पर कुछ ऐसा कि पत्थर भी पिघल जाये।

शायद शब्दों पर भी सरकार की पहरी हुई होगी,
कलम खामोश है तो बात कुछ गहरी हुई होगी।

रितिक यादव
बी. एससी. (विशेष) वनस्पति विज्ञान
द्वितीय वर्ष



# DELHI DARSHAN

Compiled by Diya Bilahari
Member, Students' Editorial Board



Ever since the 8th century, Delhi has been eyed on by so many dynasties and rightfully so, "jagah hai hi itni khaas". Owing to the men who came, conquered and got erased with the currents of time, Delhi is a museum on its own. Forts, palaces, masjids, bore wells, history never sleeps in Delhi. So is the city itself. The crowd of Delhi is unimaginably huge. Statistically speaking, it is second among the most crowded cities in the world. The streets are cramped, markets bustling, the metro (the lifeline of Delhi) is almost always packed. You have heard of India Gate, you've heard of Red Fort, you've seen where the President lives, you've discovered the multicultural markets of Delhi, probably even bagged an amazing deal at Sarojini Nagar. Now sit back and enjoy while we take you across the less explored parts of Delhi.


## Agrasen Ki Baoli

